राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

पत्र संख्या– पं०नि० 30–34/2020 588

प्रेषक,

दिनेश कुमार,
उप सचिव।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
बिहार।

पटना, दिनांक–16 **फरवरी, 2021**

विषय :– पंचायत आम निर्वाचन, 2021 : मतदान केन्द्र एवं मतदाता सूची से संबधित दावा आपत्ति के निष्पादन के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मतदान केन्द्र एवं मतदाता सूची से संबंधित ऑनलाईन/ऑफलाइन दावा आपत्ति प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन दिनांक 13.02.2021 एवं 08.02.2021 तक किया जाना था, लेकिन आयोग के वेबसाइट पर मतदान केन्द्र एवं मतदाता सूची देखने से स्पष्ट हो रहा है कि अभी भी अधिकांश जिलों द्वारा दावा आपत्ति का शत–प्रतिशत निष्पादन नहीं किया गया है। आयोग द्वारा इसे काफी गंभीरता से लिया गया है, साथ ही स्पष्ट हो जाये की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 19.02.2021 को किया जाना है, उक्त का प्रकाशन ससमय नहीं होने पर आयोग को कार्रवाई करने की आवश्यकता हो जायगी।

अतः अनुरोध है कि मतदान केन्द्र एवं मतदाता सूची का दावा आपत्ति शीघ्र निष्पादित किया जाना सुनिश्चित किया जाय एवं यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किस स्तर से लापरवाही के कारण ससमय निष्पादन नहीं हो सका है।

विश्वासभाजन,
16/2/21
उप सचिव।

ne Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847, E-mail: secbihar@gmail.com